टॉप्स ने तुर्की में नीरज चोपड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण के विस्तार 5.5 लाख रुपये का अतिरिक्त खर्च करने के लिए टॉप्स योजना के तहत् मंजूरी दी,

नई दिल्ली, 5 मई: अंताल्या, तुर्की में ग्लोरिया खेल एरिना में नीरज के प्रशिक्षण शिविर के विस्तार के लिए लगभग 5.5 लाख रूपये की वित्तीय सहायता, भारतीय एथलेटिक महासंघ एवं भारतीय ओलम्पिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज को प्रदान करने के प्रस्ताव को भारतीय खेल प्राधिकरण (भाखेप्रा) की लक्ष्य ओलम्पिक पोडियम योजना (टॉप्स) प्रभाग ने मंजुरी दी।

नीरज चोपड़ा और उनके प्रशिक्षक, डॉ. क्लाउस बार्टोनिएट्स मार्च 2022 के अंत से तुर्की में हैं और अब अगले 14 दिनों के लिए अंताल्या शिविर में अपना प्रशिक्षण जारी रखेंगे क्योंकि नीरज आगामी राष्ट्रमंडल खेलों, एशियाई खेलों और एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप के लिए तैयारी कर रहे हैं।

ग्लोरिया स्पोर्ट्स एरिना में नीरज की प्रशिक्षण लागत के साथ-साथ उनके और डॉ क्लॉस के आवास, यात्रा, भोजन और चिकित्सा बीमा खर्चों को शामिल करके वित्तीय सहातया दी। इसमें नीरज और डॉ. क्लाउस दोनों के लिए प्रत्येक के लिए 50 अमेरिकी डॉलर का दैनिक भत्ता भी शामिल होगा, जो उनके प्रवास के दौरान किसी भी अन्य खर्च के लिए आवश्यक हो सकता है।

ईओएम